CSWCJS

समाज कार्य और आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रमाणपत्र
(सीएसडब्ल्यूसीजेएस)

सत्रीय कार्य–2018

जनवरी और जुलाई सत्र

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110 068

सत्रीय कार्य भेजने के लिए अनुसूची

प्रिय विद्यार्थी,

आपका समाज कार्य और आपराधिक न्याय प्रणाली प्रमाणपत्र कार्यक्रम में स्वागत है।

हमें उम्मीद है कि आप सीएसडब्ल्यूसीजेएस कार्यक्रम मार्गदर्शिका को सावधानीपूर्वक पढ़ चुके होंगे। हमने बताया है कि आपको इग्नू की सत्रांत परीक्षा में उपस्थित होने के लिए निर्धारित समय के भीतर सत्रीय कार्य पूरा करना महत्वपूर्ण है। सी एस डब्ल्यू सी जे एस के सभी सत्रीय कार्य अध्यापक जाँच सत्रीय (टी.एम.ए.) और सतत मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

आप पाएँगें कि अलग–अलग सत्रीय कार्य आपको दिए गए हैं जो एम.एस.डब्ल्यू–031 और एम.एस.डब्ल्यू.–032 पर आधारित हैं। एम.एस.डब्ल्यू–033 जो कि एक परियोजना कार्य है के लिए कोई सत्रीय कार्य नहीं है। सत्रीय कार्य लिखने से पहले आप कार्यक्रम मार्ग दर्शिका ध्यानपूर्वक पढें। कृपया, अपने उत्तर लिखने से पहले, सत्रीय कार्य सम्बन्धित निर्देशों को पढें। यदि आपको विषय और सत्रीय कार्य से सम्बन्धित कोई सन्देह या समस्या है तो आप अपने अध्ययन केन्द्र पर सम्बन्धित शैक्षिक परामर्शदाता से सम्पर्क करें।

आपसे अनुरोध है कि आप पहले विषय सामग्री को पढ़ें और तब उसके बाद अपने सत्रीय कार्य का जवाब निर्देशों का अनुसरण करते हुए लिखें। आपके जवाब, आपको स्वयं पढ़ने के उद्देश्य से दी गई मूल पाठ् विषयक सामग्री/ब्लाक से शब्दशः उतारे नहीं होने चाहिए। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित होने चाहिए। कृपया आप अपने अध्ययन केन्द्र के संचालक के पास अपने सत्रीय कार्य जमा कराएँ** और उनसे इनकी रसीद प्राप्त कर लें। भविष्य में किसी भी सन्दर्भ/प्रयोग के लिए अपने सत्रीय कार्य की कार्बन कापी या फोटोकापी अवश्य रख लें। सत्रीय कार्य के लिए अनुसूची नीचे दी गई है –

1. जनवरी 2018 के विद्यार्थियों के लिए – 31 मार्च, 2018

2. जुलाई 2018 के विद्यार्थियों के लिए – 30 सितम्बर, 2018

आपको सफलतापूर्वक कार्यक्रम पूरा करने के लिए शुभकामनाएँ।

(डॉ. सायन्तनी गुइन)
कार्यक्रम समन्वयक
ई मेल : sayantaniguin@ignou.ac.in
फोन : 011–29571697

सुधारात्मक परिवेशों में समाज कार्य अंतःक्षेप (एम.एस.डब्ल्यू.–031)

पाठ्यक्रम कोडः एम.एस.डब्ल्यू.–031
अधिकतम अंक : 100

नोट : i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।
ii) उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।
iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. समाज कार्य में मूल्यों और नैतिकता की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। 20

2. जेल में सामाजिक कार्यकर्त्ता की भूमिका की व्याख्या करें। 20

3. सामाजिक वैयक्तिक कार्य में साक्षात्कार की संरचना का वर्णन करें। 20

4. सामाजिक समूह कार्य में कार्यक्रम नियोजन के सिद्धांतों की सूची बनाएं। 20

5. सामाजिक समूह कार्य में जीवन कौशल शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालें। 20

6. परामर्श और मनोचिकित्सा के बीच भेद करें। समाज कार्य में परामर्श की गुंजाइश और जरूरत पर चर्चा करें। 20

7. समाज कार्य अनुसंधान क्या है? भारत में समाज कार्य अनुसंधान की प्रकृति की व्याख्या करें। 20

8. समूह विकास क्या है? समूह विकास के चरणों की व्याख्या करें। 20

समाज कार्य और आपराधिक न्याय (एम.एम.डब्ल्यू.–032)

पाठ्यक्रम कोडः एम.एम.डब्ल्यू.–032
अधिकतम अंक : 100

नोट : i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।
ii) उत्तर लगभग 300 शब्दों में दीजिए।
iii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. अपराध से आपका क्या मतलब है? विचलनवाद और अपराधीकरण के कार्यों की सूची बनाएं। 20

2. अभियुक्त के प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को सूचीबद्ध करें। 20

3. आपराधिक न्याय प्रणाली के विकास का पता लगाएं। 20

4. अधिनिर्णय (adjudication) प्रक्रिया से आप क्या समझते हैं? भारत में विभिन्न प्रकार की अदालतों की सूची बनाएं। 20

5. भारत में पीड़ित मुआवजा योजना की व्याख्या करें। 20

6. आरोपी के कानूनी परामर्श और कानूनी सहायता के अधिकार की चर्चा करें। 20

7. आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब में जेल विजिटिंग सिस्टम का एक संक्षिप्त प्रारूप दें। 20

8. जेल अधिनियम 1894 के अनुसार कैदियों की भौतिक या शारीरिक जरूरतों के लिए क्या प्रावधान हैं? 20